पत्रांक : केन्द्रीय (मा०)–491/22 नि०–32

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

प्रेषक,

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

सेवा में,

**सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी,**
बिहार।

पटना, दिनांक : 9/1/2023

**विषय: वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 के इन्टरनल एसेसमेन्ट/प्रायोगिक परीक्षा के संचालन के लिए पैकिंग सामग्री तथा माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों का सह परीक्षक/प्रधान परीक्षक का औपबंधिक नियुक्ति पत्र प्रेषण के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों का इन्टरनल एसेसमेन्ट/प्रायोगिक परीक्षा विद्यालयों में दिनांक 19.01.2023 से 21.01.2023 तक संचालित होगी।

2. प्रायोगिक परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र एवं पैकिंग सामग्री यथा–लिफाफा, कॉरूगेटेड बॉक्स (With Variable Printed Sticker Pasted on envelope and Corrugated Box), पॉलीबैग एवं अद्यतन/अपडेट शिक्षक डायरेक्टरी के आधार पर माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों का सह परीक्षक/प्रधान परीक्षक का औपबंधिक नियुक्ति पत्र आदि समिति के विशेष दूत के माध्यम से शिक्षण संस्थान को वितरण हेतु भेजी जा रही है, **जो दिनांक 11.01.2023 एवं 12.01.2023 को आपके कार्यालय में उपलब्ध रहेगी।**

3. वर्णित परिदृश्य में अनुरोध है कि आपूरित की जाने वाली उपर्युक्त सामग्रियों को प्राप्त कराने की व्यवस्था करते/कराते हुए इसका सुरक्षित संधारण कराना सुनिश्चित की जाय। साथ ही अधीनस्थ निर्दिष्ट शिक्षण संस्थान के प्रधान/उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि को यथासमय वितरण कराने की सुदृढ़ व्यवस्था भी की जाय। यह भी अनुरोध है कि अपने साथ–साथ विद्यालयों के प्रधान द्वारा भी इन सभी सामग्रियों किसी भी परिस्थिति में क्षतिग्रस्त न हो, के लिए अनिवार्य रूप से सभी आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

4. परीक्षा से संबंधित सामग्री वितरण कराते समय कोविड–19 महामारी से बचाव हेतु सरकार द्वारा जारी कोविड–19 के SOP (Standard Operating Procedure) तथा कोविड अनुकूल व्यवहार का भी ध्यान रखा जाय।

5. कृपया इसे अति महत्वपूर्ण समझा जाय।

विश्वासभाजन,

09.01.23

9/1/23 9/1/23

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

ज्ञापांक : केन्द्रीय (मा०)–491/21 नि०–32 /पटना दिनांक : 9/1/2023